# सरकारी हाईस्कूल , केंचिकोप्पा,

# न्यामती तहसिल, दावणगेरे जिला

## 10 वी कक्षा

## विषय - हिंदी



**कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती।**

**1)भारत  माँ के प्रकृति - सौंदर्य का वर्णन कीजिए।**

उत्तर) भारत  माँ का  प्रकृति - सौंदर्य नयन मनोहर है।

*यहँ के खेत हरे-भरे है।

*  वन उपवन फल -फूलों से सुशोभित है।

* खनिजों का व्यापक धन राशी भरा हुआ है,

*भारत माँ इसे मुक्त हस्त से बाँट रही है।

**2) मातृभूमि का स्वरुप कैसे सुशोभित है?**

उत्तर)     * मातृभूमि हरे-भरे दिखते हुए सुशोभित है।

*भारत माता एक हाथ में न्याय पताका ,दूसरे हाथ में ज्ञान  दीप  धारण करते हुए सुशोभित है।

*भारत माता  के साथ कोटि-कोटि लोग है,

*इन लोगों से भारत माता का जय हिंद का नाद सकल नगर और ग्राम में गूँजना चाहिए।

**3)  कश्मीरी सेब पाठ से क्या सीख मिलती है?**

उत्तर ) अगरखरीदारी करते समय सावधान नही बरतें तो धोखा खाने की संभावना होती है।

**4) दूकानदार ने लेखक से क्या कहा?**

उत्तर) दूकानदार ने लेखक से  कहा कि बाबूजी बड़े मज़ेदार सेब आए है, खास कश्मीर के आप ले जाएँ , खाकर तबीयत खुश हो जायेगी।

**05)सेब की हालत के बारे मे लिखिए?**

*पहला सेब सडा हुआ था और एक रुपये के आकार का छिलका गल गया था|

*दूसरा सेब आधा सडा हुआ था|

* तीसरा सेब दबकर बिलकुल पिछ्क गया था |

* चौथा सेब बेदाग  था, मगर काला सुराख था |

*एक सेब भी खाने लायक नही था

**06)  'प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन' - इस पंक्तिका आशय समझाइए**

**07)दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है?**

**08)आधुनिक मानव की भौतिक साधना के बारे मे लिखिए|**

उत्तर)* आज के मानव ने 'प्रकृति हर के तत्व पर विजय प्राप्त किया है|

*उसके करो मे वारि, विद्युत ,भाप बंदे है |

*उसके हुक्म पर पवन का ताप चढता उतरता है|

* स्वयं को नही समझा है | भाईचरे को नही समझा है|

*जो मानव प्रेम का रिश्ता जोडकर आपस की दूरी को मिटाता है,

*वही मानव कहाला ने का अधिकारी होगा|

**09) मनुष्य के लिए सुख की प्रप्ति कब संभव है?**

**10)समय का सदुपयोग कैसे करना चहिए?**

**11)समय की पहचान कविता का सारांश लिखिए?**

उत्तर)*समय नष्ट नही करना चहिए|

*आलस को दूर करना चहिए|

*जो करना है आज ही अब ही करना चाहिए|

*कल क्या होगा कौन जाने ?

*एक बार समय खोते है तो सर्वथा पछताना पड़ता है|

**12) कर्नाटक के प्राक्रुतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए?**

* कर्नाटक की प्रक्रुतिक सौंदर्य नयन मनोहर है।

*पश्चिम मे विशाल अरबी समुद्र है।

* दशिण से उत्तर की चोर तक फैली लंबी पर्वत मालाओ को पश्चिमी घाट कहते है|

* इन्ही घाटो के कुछ भाग को सह्याद्रि कहते है|

* द्शिण मे नीलगिरी की पर्वत शोभायमान है।

**13) कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिए?**

* कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है।

*बादामी,ऐहोले,पट्ट्दकल्लु की शिल्पकला सुंदर है।

*बेलूरु,हलेबीडू,सोमनाथपुरा के मन्दिर सुंदर है।

*श्रवणबेलगोला की गोमटेश्वर की मुर्ति सुंदर है।

* विजयपुर का गोलगुंबज सुंदर है।

**14) कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्याकारो की देन क्या है?**

*वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे|

*अक्कमहादेवी ,अल्लमप्रभु , संतोने दया,और धर्म का सीख दी है|

*पुरंदरदास, कनकदास , पंपा, रन्ना, पोन्ना,कुमारव्यास ,हरिहर,राघवांक आदि महान कवियों साथ- साथ कुवेंपु, द.रा. बेंद्रे,शिवराम कारंत, मास्ति वेंकटेशअय्यांगार,वि,कृ,गोकाक, यू.आर. अनंतमूर्ति, गिरीश कार्नाड और चंद्रशेखर कंबार जैसे कवियों ने महान काव्यों की रचना कर के कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया है।

**15) शनि सौर -मंडल का सबसे सुंदर ग्रह है ।कैसे?**

*शनि के चारो ओर वलय या कंकण होने के कारण

*शनि सौर -मंडल का सबसे सुंदर ग्रह है।

**16)शनि के अत्यन्त ठंडा ग्रह कहा जाता है।क्यो?**

* शनि के वायुमंड का तापमान शून्या के नीचे 150 सेंटीग्रेड होने के कारण शनि को अत्यन्त ठंडा ग्रह कहा जाता है।

**17) शनि का निर्माण किस प्रकान हुआ है?**

**या**

**शनि का वायुमंडल कैसा है?**

*हाईड्रोजन,हीलियम,मीथेन,तथा एमोनिया गैसों से बना है।

**18) शनि का उपग्रह टाइटन के बारे मे लिखिए?**

* टाइटन शनि का उपग्रह है।

* टाइटान हमारे चन्द्र से भी काफी बडा है।

*इसका व्यास 5150 किलोमीटर है।

**19) बसंत ईमानदार लडका है। कैसे?**

*बसंत ईमानदार लडका है।

* वह भीख माँगना नही चाहता है,बल्की ईमादारी से कमाना चाहता है।

*राजकिशोर दो पैसे देते है तो इनकार करता है
और छलनी खरीदने के लिए प्रेरित करता है।
*मोटार दुर्घटाना हो कर उसके पैर कुचल जाने पर भी उसके भाई प्रताप के साथ साढ़े चौदाह आने राजकिशोर जी को भेजता है।
*इसमें दुर्लभ गुण है, ईमानदारी।
*इन घटानों से हम कह सकते है कि बसंत ईमानदार लडका है|

**20) राजकिशोर जी के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए।**

*राजकिशोर मज़दूरों के नेता है।
*आवश्यकता नही होने पर भी बसंत से छलनी लेकर उसे सहायता करते है।
*बसंत को मोटार दुर्घटना होकर पैर कुचल जाने की समाचार सुनते ही , तुरंत उसके घर पहुँचते है और डाक्टर को बुलाकर इलाज कराते है।
*एम्बुलंस को फोन कर के अस्पताल को भेजते है।

**21)गिल्लू के कार्य -कलाप के बारे में लिखिए।**

*गिल्लू स्वयं को हिलाकर अपने घर में झूलता था।
*काँच के मनकों -सी आँखों से कमरे के भीतर और खिडकी से बाहर देखता था।
*कभी फूलदान के फूलों में छिप जाता था।
*कभी परदे की चुन्नट में छिप जाता था।
*कभी सोनजुही की पत्तियों मे छिप जाता था।
*लेखिका की थाली के पास बैठकर बडी सफाई से एक -एक चावल उठाकर खाता था।
*उसकी समझदारी और कार्य -कलाप सबको विस्मित कर देता था।

**22)लेखिक ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये?**

**23)गिल्लू के प्रति महदेवी वर्मा जी की ममता का वर्णन कीजिए।**

उत्तर) *लेखिका ने गिल्लू को हौले से उठाकर अपने कमरे में लायी,
*फिर रुई से रक्त पोंचकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया।
*कई घंटे के उपचार के उपरांत उसके मुँह में एक बूँद पानी टपकायी।
*गिल्लू की जीवन यात्रा का अंत आ गया।
*दिन भर उसने न कुच खाया ,न बाहर गया।
*पंजे इतने ठंडे हो रहे थे कि लेखिका ने जागकर हीटर जलाया और उसे उष्णता देने का प्रयास किया ।
*परन्तु प्रभात के प्रथम किरण के साथ ही वह चिर निद्रा में सो गया।

**24)कृष्ण बलराम के साथ खेलने क्यों  नही जाना चाहता?**
**25)बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है?**
उत्तर) कृष्ण बलराम के बारे में शिकायत करता है कि भाई मुझे बहुत चिढाता है,वह कहता है कि यशोदा माँ ने तुम्हे जन्म नही दिया है बल्कि मोल लिया है।
* यशोधा और नंद तो गोरे है,तुम्हारा शरीर क्यों काला है?
इसी गुस्से के कारण खेल ने नही जाता ।**26)यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है?**
उत्तर) हे कृष्ण ! सुनो बलराम जन्म से ही चुगल कोर है। मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ, मैं ही तेरी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो।

**27)अब्दुल कलाम का  बचपन बहुत ही निश्चिंतता  और  सादगी में  बीतने के कारण  लिखित।**

**28)जैनुलाबदीन  की  व्यक्तित्व के  बारे में लिखिए।**

*अब्दुल कलाम के  पिता जैनुलाबदीन  आडंबर  हीन व्यक्ति  थे  और  सभी अनावश्यक एवं  ऐशो-आरामवाली  चीजों  से दूर  रहते  थे।

*वास्तव में कलाम  जी  का बचपन  निश्चिंतता  और  सादगी में  बीता भौतिक एवं  भावनात्मक दोनों  ही  दृष्टियों  से।

**29)आशियम्मा  जी  कलाम को खाने  में  क्या-क्या देती  थी?**

केले  का  पत्ता  बिछातीं  और  उस पर चावल  एवं  सुगंधित ,स्वादिष्ट सांबार  डालती, साथ ही घर  का  बना  अचार  और नारियल  की  ताजी़  चटनी  भी होती।

**30)जैनुलाबदीन  नमाज़ के  बाद में  क्या  कहते थे?**

'जब तुम  नमाज़  पढ़ने  हो  तो तुम  अपने  शरीर  से  इतर ब्रह्मांड  का  एक  हिस्सा  बन

जाते हो; जिसमें

दौलत,आयु,जाति या धर्म पंथ

का कोई भेदभाव नहीं होता।

असफलता एक चुनौती है,
इसे स्वीकार करो,

क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।

जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,

संघर्ष का मैदान छोड़कर, मत भागो तुम।

कुछ किए बिना ही जय - जयकार नहीं होती,

कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती।

प्रेषक,

अ ब क,

१० वी कक्षा,

सरकारी हाईस्कूल,

कैंचिकोप्पा।

सेवा में,

प्रधानाध्यापक,

सरकारी हाईस्कूल,

कैंचिकोप्पा|

आदरणीय महोदय,

विषय:- तीन दिन की छुट्टी मांगते हुए निवेदन।

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपसे निवेदन है कि मेरी बहन की शादी में भाग लेने के लिए बेंगलूर जाना है |इसलिए दिनांक 05-04-2021से 07-04-2021 तक तीन दिन की छुट्टी कृपा करके दीजिए।

धन्यवाद

आपका/आपकी आज्ञाकारी छात्र/ छात्रा

अ.ब क